# भांगड़ा से लोकनृत्य तक बिखरी छटा

जागरण संवाददाता, कानपुर : चन्द्रशेखर आंजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में अखिल भारतीय समन्वित रबी दलहन अनुसंधान परियोजना की बैठक के बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने पंजाबी, हरियाणवी और उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य, गीत और कविताएं प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण प्लास्टिक प्रदूषण पर आधारित लघु नाटिका रही। विद्यार्थियों ने अभिनय के माध्यम से प्लास्टिक के बढ़ते इस्तेमाल से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को दर्शाते हुए इसके कम उपयोग का संदेश दिया। कुलपति डा.संजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण 01/09/2026

कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष: 18 अंक : 64 कानपुर, मंगलवार 01 सितम्बर 2026 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य: 2.00 रुपए

राष्ट्रीय स्वरूप

# 31वीं रबी दलहन समूह बैठक में हुआ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

कानपुर। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में आयोजित 31वीं अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना रबी दलहन समूह बैठक के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता सहित कृषि एवं बीज क्षेत्र के अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सहायक महानिदेशक दलहन एवं तिलहन श्री एस.के. झा, सहायक महानिदेशक बीज श्री पी.आर. चौधरी तथा डॉ. ए आनंदन, कार्यवाहक निदेशक, राष्ट्रीय बीज विज्ञान संस्थान मऊ की गरिमामयी उपस्थिति रही।विद्यार्थियों ने पंजाबी, हरियाणवी एवं उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के लोकनृत्यों, गीतों एवं कविताओं की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्लास्टिक प्रदूषण विषयक लघु नाटिका विशेष आकर्षण रही, जिसमें प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संदेश दिया गया।इसके अतिरिक्त कविताओं की प्रस्तुतियों ने भी कार्यक्रम को भावपूर्ण एवं सार्थक बनाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सांस्कृतिक समिति के सदस्य डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. एकता शर्मा, डॉ. संघमित्रा महापात्रा, डॉ. विवेकानंद यादव, डॉ. लक्ष्मण, डॉ. ऐश्वर्या सिंह, डॉ. शिवानी चौधरी एवं कु. श्रेया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




समापन अवसर पर सहायक महानिदेशक दलहन एवं तिलहन श्री एस.के. झा ने अपने विशिष्ट एवं आत्मीय अंदाज में सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को अत्यंत मनमोहक एवं उत्कृष्ट बताया और सभी को धन्यवाद दिया। उनके प्रभावी संबोधन ने कार्यक्रम का समापन एक यादगार अंदाज में किया।



डांडिया नृत्य करती छात्राएं।

# छात्राओं ने दी गीतों और लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां

कानपुर, 31 अगस्त। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित 31वीं अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना रबी दलहन समूह बैठक के अवसर पर विद्यार्थियों ने भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विद्यार्थियों ने पंजाबी, हरियाणवी एवं उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के लोकनृत्यों, गीतों एवं कविताओं की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्लास्टिक प्रदूषण विषयक लघु नाटिका विशेष आकर्षण रही, जिसमें प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त कविताओं की प्रस्तुतियों ने भी कार्यक्रम को भावपूर्ण एवं सार्थक बनाया। इस दौरान सहायक महानिदेशक (दलहन एवं तिलहन) एस.के. झा, सहायक महानिदेशक (बीज) पी.आर. चौधरी, कार्यवाहक निदेशक डॉ. ए. आनंदन, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. एकता शर्मा, डॉ. संघमित्रा महापात्रा, डॉ. विवेकानंद यादव, डॉ. लक्ष्मण, डॉ. ऐश्वर्या सिंह, डॉ. शिवानी चौधरी एवं कु. श्रेया आदि मौजूद रही।